हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, बुधवार 20 अगस्त 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड


**तापमान**

अधिकतम 28.2 डिग्री

न्यूनतम 25.6 डिग्री


12 अघोषित बिजली कटौती से नाराज विधायक...





12 किसानों की फार्मर आईडी अब तक नहीं बनी...





श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com


# कटते वनों और मवेशियों को बचाने ग्रामसभा में लिया संवर्धन का फैसला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

जंगल की कटाई और लावारिस मवेशियों को



कत्लखाना ले जाने और सड़क पर हो रही दुर्घटनाओं पर जोरातराई के ग्रामीणों की सजगता लोगों के लिए प्रेरणादायी है। जंगल गांव जोरातरई के ग्रामीणों ने जंगलों और मवेशियों के साथ पक्षियों के संरक्षण व संवर्धन का निर्णय ग्राम सभा में लिया है।

बागबाहरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत भीमखोज के आश्रित ग्राम जोरातराई जंगल क्षेत्र के बीच बसा सबसे पुराना गांव है। जिसका रकबा अन्य गांवों की तुलना में कम है उसके बावजूद समस्त ग्रामवासी जंगल भूमि, राजस्व बड़े झाड़ के जंगल भूमि को जंगल के रुप में विकसित कर सुरक्षित रखे हुए हैं। लेकिन, बाद में बसे आसपास के गांव के ग्रामीणों द्वारा जंगल को काटकर कटे बड़े-बड़े वृक्ष को जलाकर खेत वह बाड़ी बनाया जा रहा है। अतिक्रमण जोरातराई के सरहद तक आ पहुंचा। ऐसी स्थित में ग्रामीण गांव की वन भूमि को अतिक्रमण से सुरक्षित रखना चाहते हैं।

## अब जंगल नहीं कटेंगे, मवेशी को बचाने और वृक्षों, पशुओं एवं पक्षियों के संरक्षण का निर्णय

### मानव के रिश्ते को मजबूत बनाने की पहल

राजस्व व वन भूमि में वर्षों पुराना विकसित वृक्षों में काली मिर्च, गोमती गिलोई की लताए, चढ़ा कर एवं गाय के गोबर व गोमूत्र से खाद बनाकर गांव के ऐसे परिवार जो जीवन यापन के लिए अन्य राज्यों में पलायन कर जीवन जीने मजबूर गरीबों को रोजगार देकर वृक्ष, गाय, पशु-पक्षी एवं मानव के बीच एक रिश्ता जुड़ाव बनाकर कार्य करने वन समिति, महिला समिति एवं सभी ग्रामवासी द्वारा वन क्षेत्र के घेरा को मजबूत करने के साथ पशुओं पक्षियों एवं अन्य वन प्राणियों की संरक्षण वृक्षों की संरक्षण साथ अतिक्रमण होने से रोकने हेतु गौअभ्यारण बनाने ग्राम सभा में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया है।

### 200 पीपल का पेड़ लगाएंगे

कट चुके वृक्षों की जगह पर 200 पीपल के पेड़ लगाने का निर्णय किया गया है ताकि बड़े वृक्षों के अभाव में पलायन कर गए पक्षियों के लिए घरौंदा बने, ग्राम जोरातराई के नाम पक्षी अभ्यारण के रूप में भी जाना जा सके। यह भी निर्णय लिया गया है कि सड़क में बैठे लावारिस गायों को दुर्घटना से बचाने तात्कालिक में स्वयं गांव व आसपास के सामाजिक दान दाताओं से सहयोग लेकर वृक्ष व गायो की संरक्षण के लिए पूर्व में निर्मित आदर्श गौठान एवं चारागाह भूमि जिसका रकबा 7 एकड़ में छांव के लिए बांस बल्ली का शेड निर्माण करने चराई के लिए वन भूमि जिसमें दो स्टॉप डेम भी है का घेरा को मजबूत करने वर्षा व धूप में छांव प्रदान करने खाली जगहों पर लकडी व बांस बल्ली के छोटे छोटे अस्थाई शेड निर्माण कर गौ अभ्यारण को संचालित करने का निर्णय लिया गया है।

### कलेक्टर ने सराहा, सहयोग के लिए किया आश्वस्त

ग्राम सभा में हुए प्रस्ताव पर शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराने प्रतिनिधिमंडल के रूप में जिला प्रशासन से मार्गदर्शन संरक्षण एवं अभ्यारण निर्माण करने ज्ञापन देने का भी निर्णय लिया गया है। जिस पर कलेक्टर द्वारा पहल की सराहना करते हुए पूर्ण सहयोग के लिए आश्वस्त किया है। हितेश चंद्राकर, जनपद सदस्य बलराम ध्रुव, सरपंच भेकराम बघेल, पूर्व सरपंच प्रमोद चंद्राकर के नेतृत्व में बैठक हुई।

## खबर संक्षेप

### सरपंच प्रतिनिधि से मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम घोड़ारी में सरपंच प्रतिनिधि से मारपीट के मामले में सिटी कोतवाली महासमुंद में जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को प्रार्थी व सरपंच प्रतिनिधि सुधीर बंजारे ने बताया कि वह ग्राम पंचायत भवन घोड़ारी में बैठा था। इसी दौरान ग्राम घोड़ारी निवासी खेमराज जांगड़े पिता स्व. श्याम रतन जांगड़े वहां पहुंचा और गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए पंचायत भवन के टेबल पटकने के साथ सरकारी दस्तावेजों की छीनझपट की। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### एक्सीडेंट में पति-पत्नी घायल

**महासमुंद।** बुलेट की टक्कर से बाइक में जा रहे पति-पत्नी घायल हो गए। मामला ग्राम पाटसेंद्री के पास का है। घटना की रिपोर्ट सरायपाली थाने में दर्ज कराई गई है। सरायपाली पुलिस को प्रार्थी रामेश्वर पटेल ग्राम खपराखोल ने बताया कि उसे 18 अगस्त को उसे सूचना मिली कि दीदी और जीजा का सागर आटो पाट्र्स पाटसेंद्री सरायपाली के आगे एक्सीडेंट हो गया है। इसके बाद वह सरायपाली के निजी हॉस्पिटल आया, जहां देखा कि उसकी दीदी प्रेमिका पटेल एवं जीजा विद्याधर पटेल एडमिट थे। पूछने पर जीजा विद्याधर पटेल ने बताया कि चंद्रपुर से अपने ग्राम खुटेरी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीक्यू 8898 से दोनों आ रहे थे। ग्राम पाटसेंद्री के सागर आटो पार्टस के पहले पहुंचे थे कि सामने सरायपाली की ओर से आ रही बुलेट मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 पीयू 1014 के चालक ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर सामने से हमारे मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया।

### सड़क किनारे खड़े वाहन से कंटेनर की टक्कर

**महासमुंद।** सड़क किनारे खड़े एक वाहन से टकराने से कंटेनर चालक की मौत हो गई। घटना पिथौर थाना अंतर्गत ग्राम टेका के पास की है। पुलिस न बताया कि 16 अगस्त को रांची झारखंड से कंटेनर वाहन क्रमांक जीजे 01 एलटी 9768 का चालक मोहम्मद शादाब खान वाहन पार्सल सामान लेकर गुजरात के लिए निकला था। 17 अगस्त की सुबह करीब 4 बजे एनएच 53 रोड किनारे ग्राम टेका के पास अज्ञात वाहन का चालक अपने वाहन को रोड किनारे बिना किसी संकेत के लापरवाही ूर्वक खड़ा कर दिया था।

## प्रदर्शन : रैली निकालकर मितानिनें पहुंचीं जिला कार्यालय, सौंपा ज्ञापन

# चुनावी वादों को पूरा करने की मांग लेकर मितानिनों ने घेरा कलेक्टोरेट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

गांवों में स्वास्थ्य सुविधाएं घरों तक पहुंचाने वाली स्वास्थ्य मितानिन अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। लेकिन उनकी मांगों पर किसी तरह की कोई सुनवाई नहीं हुई। लिहाजा जिले में प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ के बैनर तले करिब 2200 मितानिनों ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया है एवं अपनी तीन सूत्रीय मांग को एक सप्ताह के भीतर पूरा नहीं किए जाने कि स्थिति में मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री निवास का घेराव एवं चक्काजाम करने की चेतावनी देते हुए मंगलवार को कलेक्टर कार्यलय का घेराव कर अपर कलेक्टर तेजपाल ध्रुव को मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री के नाम का आवेदन सौंपा है। जिला स्वास्थ्य मितानिन संघ के




जिलाध्यक्ष आरती डरसेना एवं स्वास्थ्य मितानिनों ने बताया है कि प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ एवं प्रशिक्षक कल्याण संघ के आह्वान पर चुनावी घोषणा पत्र में किये गये वायदे को पूरा करने मितानिन, प्रशिक्षक, हेल्प डेस्क फैसिलिटेटर एवं ब्लाक कोऑर्डिनेटर 7 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल एवं धरना प्रदर्शन में हैं। उन्होंने कहा कि यदि शासन हमारी मांगों को एक सप्ताह के अंदर पूरा नहीं किया जाता है तो प्रदेश स्तर पर मितानिनों द्वारा जंगी प्रदर्शन किया जाएगा जिसमें मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री निवास का घेराव एवं चक्काजाम प्रदेश के 72000 मितानिनों द्वारा किया जाएगा। बता दे की जिले एवं प्रदेशभर की मितानिन नया रायपुर स्थित तूता धरना स्थल पर 7 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल और आंदोलन कर रही हैं। अलग-अलग तारीखों पर संभागवार प्रदर्शन की योजना है। वहीं 7 अगस्त को रायपुर संभाग की मितानिनों ने प्रदर्शन किया। मितानिनों ने सरकार पर वादा पूरा नहीं करने का आरोप लगाया है।

### एक सप्ताह में मांग पूरी करने की चेतावनी

जिला स्वास्थ्य मितानिन संघ की अध्यक्ष एवं अन्य मितानिनों ने कलेक्टर कार्यालय का घेराव कर चेतावनी दी है कि यदि शासन ने एक सप्ताह के भीतर मांगों को पूरा नहीं किया तो प्रदेश स्तर पर 72000 मितानिनों द्वारा जंगी प्रदर्शन किया जाएगा एवं मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री निवास का घेराव और जिलों में चक्काजाम करेंगी।

### कई अहम कार्य हो रहे प्रभावित

9 अगस्त को प्रस्तावित इस आंदोलन से जिले की प्राथमिक स्वास्थ्य व्यवस्था पर बड़ा असर पड़ा है। ग्रामीण क्षेत्रों की एएनसी जांच, टीकाकरण, मातृ-शिशु देखभाल, संदिग्ध मरीजों की रिपोर्टिंग जैसे कई अहम कार्य प्रभावित हो रहे हैं। मितानिनों के कामबंद और कलमबंद आंदोलन का सबसे ज्यादा प्रभाव जिले के आदिवासी और पिछड़े इलाके में हो रहा है।

### तीन सूत्रीय मांगें, जिन पर अड़ी हैं मितानिनें

मितानिनयों की तीन सूत्रीय मांगों मे एनएचएम के अंतर्गत लाकर नियमित किया जाए। मितानिन प्रशिक्षकों, हेल्प डेस्क फैसिलिटेटर और ब्लॉक कोऑर्डिनेटरों को भी समान अधिकार मिले। एनजीओ से कार्यक्रम संचालन का जिम्मा वापस लेकर राज्य की मितानिन यूनिट को सौंप शासन के द्वारा ठेका प्रथा को बंद करना शामिल है।

# गांजा तस्करी का मामला, 4 आरोपियों को 7-7 साल कैद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

गांजा परिवहन के मामले में आरोप दोष सिद्ध पाए जाने पर एनडीपीएस एक्ट के विशेष न्यायाधीश संघपुष्पा भतपहरी ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (बी) (II) (बी) के तहत चार आरोपियों को 7-7 वर्ष के सश्रम कारावास और 50 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि नहीं पटाए जाने पर एक -एक वर्ष का सश्रम कारावास पृथक से भुगतना होगा। न्यायालय ने सभी चारों आरोपियों को फरार घोषित किया है और फरारी में उक्त निर्णय पारित किया है। अभियोजन के अनुसार 16 जुलाई 24 को कोमाखान थाना क्षेत्र के ग्राम घोयनाबाहरा के पास पुलिस टीम देहात भ्रमण पर रवाना हुई थी। उसी समय मुखबिर से सूचना मिली कि चार व्यक्ति तीन काले रंग के बैग व नीला रंग के बैग में अवैध रूप से गांजा रखकर एनएच 353 सुअरमाल के पास वीरू नायक मुर्गी कटिंग दुकान के सामने बस के इंतजार में खड़े है। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर चारों को पकड़ा और पूछताछ किया तो आरोपियों ने अपना नाम सैय्यद मेहदीमियां, निसार खान, शेख नदीम, बांके सिंह कंसाना गुर्जर बताया। आरोपियों ने कोमना ओडिशा से गांजा खरीदकर मप्र व महाराष्ट्र में बिक्री करने ले जाना बताया। बैग की तलाशी लेने पर 15 किलो ग्राम गांजा बरामद हुआ। विवेचना उपरांत मामला कोर्ट को सौंपा गया था। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक नूतन साहू ने पैरवी की। इस संबंध में विशेष लोक अभियोजन साहू ने बताया कि चार आरोपियों में बांके सिंह कंसाना को छोड़कर तीन ने सरेंडर कर दिया है।

### बैलों को कत्लखाना ले जा रहे पांच लोग गिरफ्तार

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने मवेशियों को कत्लखाना ले जा रहे पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिसको सूचना मिली थी कि एनएच 53 बोहारपार मोड़ के पास पांच व्यक्ति बैलों को क्रूरतापूर्वक हांकते हुए वध करने के प्रयोजन से ओडिशा के कत्लखाना की ओर ले जा रहे हैं। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपीगण महेश्वर साहू पिता बाबूलाल साहू (44 ) निवासी गिरसा थाना सरसीवा जिला सारंगढ़, वीरेंद्र यादव पिता फिरतू यादव (25) निवासी गिरसा थाना सरसीवा जिला सारंगढ़, दारासिंग कुर्रे पिता परदेशी राम कुर्रे (28) निवासी गौराडीपा थाना सरसीवा जिला सारंगढ़, ओमप्रकाश साहू पिता ध्वजाराम साहू (36) निवासी देवरहा थाना बिलाईगढ जिला सारंगढ, कृष्णो सिदार पिता स्व कुंजराम सिदार (28) निवासी चचरेल थाना बिलाईगढ जिला सारंगढ के संयुक्त कब्जे से कुल 42 नग मवेशी बैल को जब्त कर आरोपियों के विरूद्ध धारा 4, 6, 10 छग कृषक पशु परिरक्षण अधि 2004 कायम किया गया।

# महानदी पुल के नीचे तैरती मिली बुजुर्ग महिला के शव की हुई शिनाख्त

**महासमुंद।** पारागांव स्थित नेशनल हाईवे 53 पर बने महानदी पुल के नीचे नदी पर सोमवार सुबह मिली एक महिला की तैरती हुई लाश की शिनाख्त के बाद मृतका की पहचान जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम बेमचा निवासी के रुप की गई है। बता दें कि सोमवार को सुबह पारागांव स्थित नेशनल हाईवे 53 पर बने महानदी पुल से एक महिला द्वारा छलांग लगाने की सूचना मिलने पर आरंग पुलिस और गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची तलाशी के दौरान गोताखोरों को घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर किसी अन्य महिला की लाश तैरती मिली। पुलिस के अनुसार, मिली हुई लाश करीब 2-3 दिन पुरानी बताई गई। मृतका ने साड़ी पहनी हुई थी और बाल सफेद थे, जिससे अंदाजा लगाया गया कि शव किसी बुजुर्ग महिला का हो सकता है। शव की पहचान नहीं हो पाई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया जिसके बाद मंगलवार को शिनाख्त के बाद मृतका की पहचान जिले के बेमचा निवासी चंपा चंद्राकर 78 वर्ष पत्नी स्व. बाबूलाल चंद्राकर के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार, वह 15 अगस्त को घर से बिना बताए निकली थीं। पुलिस ने परिजनों को सूचना दे दी है और कानूनी औपचारिकताओं के बाद शव उन्हें सौंपा जाएगा।

# कलेक्टर से शिकायत के बाद भी आरोपियों पर कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

पिथौरा विकासखंड में अवैध शराब बिक्री के खिलाफ ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। बीते मंगलवार 12 अगस्त को हुए कलेक्टर जदर्शन चौपाल में शिकायत करनें के बाद भी कार्रवाई न होने से आक्रोशित छुईहा और आश्रित पंचायत फिरगी के करीब 500 ग्रामीण महिलाओं-पुरुषों ने बुंदेली पुलिस चौकी का घेराव कर जोरदार हंगामा किया। ग्रामीणों का आरोप है कि बार-बार शिकायत के बावजूद शासन-प्रशासन ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है।



इस लापरवाही से आक्रोशित होकर सोमवार को ग्रामीण सैकड़ों की संख्या में चौकी पहुंच गए और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव की ही एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और उसका पति लंबे समय से महुआ शराब की खुलेआम बिक्री कर रहे हैं। यही नहीं, वे स्कूल के छोटे बच्चों को भी 10 और 20 रुपए में शराब उपलब्ध कराते हैं, जिससे गांव का माहौल बिगड़ रहा है और युवा वर्ग नशे की गिरफ्त में फंस रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इस मामले की शिकायत जिला कलेक्टर जनदर्शन में भी की गई थी। लेकिन, कार्रवाई नहीं होने के चलते उन्हें चौकी का घेराव करने मजबूर होना पड़ा। आक्रोशित ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर प्रशासन ने तत्काल सख्त कदम नहीं उठाए तो यह आंदोलन और उग्र होगा।

### पुलिस अभिरक्षा से फरार हुआ आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार

**महासमुंद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुमगांव से सेहत जांच के बाद चकमा देकर फरार हुए आरोपी को पुलिस ने 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पांडेय ने बताया कि पुलिस आरोपी टिकेश्वर निषाद की तलाश में थी, तभी सूचना मिली कि उक्त आरोपी तुमगांव से महासमुंद जाने वाले सड़क पर मिशन स्कूल के पास बस का इंतजार कर रहा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर आरोपी सामने जंगल की ओर भागा, लेकिन उसे दौड़ाकर पकड़ लिया गया। गौरतलब है कि आरोपी टिकेश्वर निषाद (20 वर्ष) निवासी समोदा, थाना आरंग को पटेवा पुलिस ने नाबालिग को भगाने व अनाचार करने के आरोप में समोदा से गिरफ्तार करने के बाद स्वास्थ्य परीक्षण कराने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुमगांव लाया गया था, जहां से आरोपी पुलिस को चकमा देकर हुआ फरार हो गया। जिस पर आरक्षक ने तुमगांव थाना में बीएनएस की धारा 262 के तहत मामला दर्ज कराई थी।



## अंचल में सावन के बाद बारिश बंद होने से किसानों में बढ़ गई थी चिंता

# बारिश ने किसानों के चेहरों पर लाई मुस्कान, गर्मी से राहत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

- बारिश से मौसम का मिज़ाज भी बदला, गर्मी और उमस झेल रहे लोगों को बारिश ने दी राहत

अंचल में पीछले दिनों से रुक रुक कर हो रही बारिश ने किसानों एवं लोगो के चेहरों में मुस्कान ला दी है। अंचल में सावन के बाद बारिश बंद होने से लोगो को उमस भरे गर्मी ने परेशान कर रखा था। वहीं बारिश नही होने से धान एवं अन्य फसलों को लेकर किसानों की चिंतित रहे लेकिन पिछले दिनों से हो रही रिमझिम बारिश क्षेत्र के किसानों के लिए अमृत साबित हो रही। अनुमान है कि मौसम का मिज़ाज इसी तरह रहा तो किसानों को ज्यादा फायदा होगा।

बारिश से मौसम का मिज़ाज भी बदल गया है। कई दिनों से गर्मी और उमस झेल रहे लोगों को बारिश ने राहत दी है। हालांकि बारिश से सड़कों पर बने गड्ढों में पानी भर गया है। जिससे लोगों को आने जाने में परेशानी हो रही है। इस बारिश ने खेतों में पानी की कमी को पूरा किया है। खेतों में पानी देख किसानों के चेहरे खिले उठे है। धान के फसल के कार्य में



बारिश के साथ तेज होने की संभावना बढ़ गई है, मंगलवार सुबह हुई बारिश से किसानों में खुशी का माहौल है। क्षेत्र में हो रही बारिश से धान की फसल को अच्छा लाभ मिलेगा। जिलें में 1 जून से अब तक 581.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### बारिश से किसानों के चेहरे पर मुस्कान

पिछले दो तीन दिनों से लगातार हो रही रुक-रुक कर बारिश ने तपती गर्मी और उमस से लोगों को राहत दी है। इन दिनों हो रहे बारिश से न सिर्फ आमजन को सुकून मिला है, बल्कि किसानों के चेहरों पर भी मुस्कान लौट आई है। यह बारिश किसानों के लिए बहुत लाभदायक साबित हो रही है। मौसम के सुहाने होने से किसानों के चेहरे पर मुस्कान आ गई है।

### जिले में ऑरेंज अलर्ट

मौसम विभाग ने महासमुंद जिले के साथ बीजापुर, बस्तर, नारायणपुर, कोंडागांव, कांकेर, धमतरी, बालोद, राजनांदगांव, गरियाबंद, और रायपुर जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए तेज बारिश, आंधी और आकाशीय बिजली की चेतावनी दी है।



# लोहरीनडोंगरी में वन विभाग की कार्रवाई, अवैध सागौन चिरान जब्त

**पिथौरा (ग्रामीण)।** वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम लोहरीनडोंगरी में वन विभाग ने अवैध सागौन लकड़ी के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है। प्रभारी रेंजर सालिक राम डड़सेना के नेतृत्व में की गई कार्रवाई के दौरान धर्नुजय पटेल पिता राधेलाल पटेल के घर में छापेमारी की गई। इस दौरान विभागीय टीम ने 0.473 घनमीटर सागौन लकड़ी के कुल 90 नग चिरान जब्त किया। पूछताछ के दौरान धर्नुजय पटेल लकड़ी से संबंधित कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाए। जिसके बाद वन अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर लकड़ी जब्त कर ली गई है। इस कार्रवाई में परिक्षेत्र सहायक वीरेंद्र पाठक, राजकुमार साहू, ललित पटेल एवं वन अमला कोकिलाकांत दिनकर, दीपक गेंद्रे, दिनेश शर्मा, सुदामा पालेश्वर, भुवनेश्वर बांदे, आनंद जोशी एवं सुरक्षा श्रमिकों का विशेष योगदान रहा।

**खबर संक्षेप**



## उमरदा में छात्रों ने निकाली प्रभातफेरी

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत उमरदा, शासकीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक व हाईस्कूल उमरदा के संयुक्त तत्वावधान में स्वतंत्रता दिवस पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम छात्रों की प्रभातफेरी भारत माता के जयकारों के साथ पंचायत भवन पहुंचा। पंचायत भवन में मुख्य अतिथि सरपंच जयसुधा हेमंत चंद्राकर के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। हाईस्कूल परिसर में शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजू यादव के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। उच्च प्राथमिक शाला परिसर में जनपद सदस्य निधि लोकेश चंद्राकर व एसएमसी अध्यक्ष उमेश साहू ने ध्वजारोहण किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को आकर्षक पुरस्कार वितरण किया गया व मिष्ठान वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि हेमंत चंद्राकर, समाजसेवी लोकेश चंद्राकर, प्राचार्य पूनम चंद्राकर, भुनेश्वर साहू, साक्षी साहू, धर्मराज चंद्राकर, दिनेश चंद्राकर, परस चंद्राकर, अनिल ढीढी, सोनी चंद्राकर, चंद्रशेखर चंद्राकर, दीपक पंचगण, ग्रामवासी व स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थिति रही। मंच संचालन धर्मराज चंद्राकर व दिनेश चंद्राकर के द्वारा किया गया।

## हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत तिरंगा रैली

**महासमुंद।** शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको में राष्ट्रीय सेवा योजना व यूथ रेड क्रॉस के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्य ह्यूमा लिली दीवान के निर्देशन एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी मनहरण ठाकुर युथ रेड क्रॉस कार्यक्रम अधिकारी लता भोई के मार्गदर्शन में हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत तिरंगा रैली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तिरंगे झंडे के प्रति लोगों के मन में आदर सम्मान जागृत करने के उद्देश्य से महाविद्यालयीन छात्र/छात्राओं एवं शिक्षकों ने महाविद्यालय से ग्राम चिरको के बाजार चौक तक नारे लगाते हुए रैली निकाली। तत्पश्चात एनएसएस स्वयंसेवकों ने ध्वजारोहण प्रांगण की साफ-सफाई की। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक तरूण कुमार ध्रुव, अतिथि व्याख्याता राखी यदु, दीक्षा गजेंद्र, डॉ सुनीता साकेत, ऋषि वर्मा, सविता पटेल, रासेयो स्वयं सेवक व अन्य महाविद्यालयीन छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### समीक्षा : कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने ली समय-सीमा की बैठक

# कलेक्टर ने रजत जयंती की तैयारी के संबंध में दिए महत्वपूर्ण निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने आज सुबह 10 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभागीय योजनाओं, कार्यक्रमों की समीक्षा की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा एवं रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी, सभी विभाग के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। वीसी के माध्यम से जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ सहित सभी ब्लॉक स्तरीय संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर लंगेह ने आदिवासी विकास विभाग द्वारा आदि कर्मयोगी अभियान के संबंध में जानकारी ली गई। उन्होंने कहा कि जिले के 308 आदिवासी बाहुल्य गांवों में आदि सेवा केंद्र की स्थापना की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनजाति समुदायों के अंतिम व्यक्ति तक विकास सुनिश्चित करने के लिए यह योजना लागू की जा रही है। उन्होंने रजत जयंती समारोह की तैयारियों की भी समीक्षा की और सभी विभागों को विशेष उपलब्धियों के साथ कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। अटल मॉनिटरिंग पोर्टल में समय-सीमा में डेटा अपलोड करने, तथा ई-ऑफिस का अनिवार्य उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने 15 वर्ष से अधिक पुरानी शासकीय वाहनों की नीलामी हेतु संबंधित जानकारी प्रस्तुत करने को कहा। मुख्यमंत्री घोषणाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा करते हुए गढ़फुलझर, दुर्गापाली में प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

पीएम जनमन योजना अंतर्गत निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवासों को 31 अगस्त तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बहुद्देशीय केंद्रों की प्रगति की जानकारी भी ली गई। उन्होंने कहा कि सहकारी समिति में खाद पहुंचने पर इसे तत्काल किसानों को बांटना सुनिश्चित करें। साथ ही ऐसे निजी दुकानों पर कार्रवाई सुनिश्चित करें जहां अवैध खाद का भंडारण करने की शिकायतें प्राप्त हो रही है। उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को नियमित रूप से दुकानों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। रविवार को 800 टन डीएपी की रेक पहुंची है। वहीं आज 650 टन यूरिया का रैक पहुंचेगी। कलेक्टर ने कहा कि खाद का भंडारण के पश्चात सभी विकासखण्डों में वितरण सुनिश्चित करें। वहीं कृषि विभाग की समीक्षा में डिजिटल क्रॉप सर्वे के लिए सभी राजस्व अधिकारियों को फील्ड में जाकर सर्वे प्रारम्भ करने के निर्देश दिए हैं। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत एक लाख 90 हजार पेड़ लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। जिसमें एक लाख 20 हजार पेड़ लगाया जा चुका है। उन्होंने आवश्यक जानकारी और फोटोग्राफ पोर्टल में अपलोड करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने संग्रहण केंद्रों में भंडारित धान का शत प्रतिशत उठाव करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने आवारा पशुओं की समस्या को लेकर सख्त निर्देश देते हुए कहा कि पशु मालिकों पर अपने पशुओं को सड़क पर खुला छोड़ने पाए जाने पर जुर्माना लगाना जारी रखें। पंचायत स्तर पर पशुओं को रखने की स्थानीय व्यवस्था की जाए। पशुपालन विभाग द्वारा बताया कि अब तक कुल 80 हजार 800 रुपए का पेनाल्टी वसूल किया गया है।

कलेक्टर ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को स्कूल छात्रावास, आंगनवाड़ी केंद्रों का सतत निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि स्कूलों का विशेष रूप से निरीक्षण करें और यह सुनिश्चित करें कि सभी शिक्षक समय पर ड्यूटी पर उपस्थित रहें। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान मध्यान्ह भोजन के गुणवत्ता का भी निरीक्षण करें। कलेक्टर ने अवैध शराब बिक्री और ठोस कार्रवाई करने के निर्देश पुलिस और आबकारी विभाग को दिए हैं। अनुविभागीय अधिकारियों को सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

## कलेक्टर ने जन चौपाल में सुनी आम जनों की समस्याएं, अधिकारियों को शीघ्र निराकरण के दिए निर्देश

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जन चौपाल में जिले के विभिन्न स्थानों से आए लोगों की समस्याएं एवं शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुना। जन चौपाल में आज 34 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर लंगेह ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

जन चौपाल में सबसे त्वरित समाधान के रूप में ग्राम घोड़ारी महासमुंद निवासी पायल यादव को तत्काल मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल प्राप्त हुआ। उनके आवेदन पर कलेक्टर लंगेह ने मौके पर ही समाज कल्याण विभाग को निर्देशित कर तत्काल ट्राइसाइकिल प्रदाय कराई। पायल यादव ने हर्षित भाव से कलेक्टर के हाथों मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल प्राप्त की। इस दौरान कलेक्टर ने पायल से चर्चा करते हुए उनकी पढ़ाई के संबंध में जानकारी ली। पायल ने कहा कि मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल मिलने से अब मुझे स्कूल आने-जाने में बहुत ही सहूलियत होगी तथा दूसरों पर निर्भरता कम होगी। इसी तरह ग्राम सिरको पिथौरा निवासी मूक बधिर एवं श्रवण बाधित भुवनेश्वर निषाद ने दिव्यांगता निराश्रित व अन्य योजनाओं का लाभ दिलाने के संबंध में आवेदन किया। इस पर कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग को शीघ्रता से लाभान्वित करने के निर्देश दिए तथा इस अवसर पर श्रवण बाधित भुनेश्वर निषाद को श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। इसी तरह ग्राम छिर्रालेवा बसना के ग्राम वासियों ने शासकीय प्राथमिक शाला में शिक्षक की कमी को दूर करने, ग्राम बम्हनी महासमुंद निवासी प्रशांत साहू ने बिजली करंट से युवक के घायल होने के संबंध में उचित सहायता हेतु, ग्राम कछारडीह बागबाहरा निवासी कुणाल साहू ने तेंदूपत्ता संग्रहण राशि हेतु आवेदन किए। इसके अलावा नामांतरण, मुआवजा राशि, भूमि त्रुटि सुधार, नल-जल योजना, अपूर्ण निर्माण कार्य, जाति प्रमाण पत्र, खाद की उपलब्धता संबंधी आवेदन प्राप्त हुए।



## सरायपाली से रायपुर जा रही बस हुई दुर्घटनाग्रस्त, बाल-बाल बचे यात्री

**महासमुंद।** सरायपाली से रायपुर जा रही एक यात्री नेशनल हाइवे में मंगलवार को सड़क हादसे का शिकार हो गई। जिसमे सवार करीब 35 से 40 लोग बाल-बाल बचे। मिली जानकारी के अनुसार यह हादसा एनएच 53 भगतदेवरी में हुआ, जब रॉयल्स ट्रैवल्स सुपर फ़ास्ट की बस 35 से 40 सवारी लेकर सरायपाली से रायपुर जा रही थी, इसी बीच भगत देवरी के पास एक ट्रक को ओवर टेक करते समय बस का सामने का हिस्सा ट्रक के पीछे हिस्से से टकरा गया। ट्रक डिवाइड पर चढ़ गया। इस घटना में बस ड्राइवर ने भी बस से नियंत्रण खो दिया और बस सड़क के नीचे गड्ढे मे जा घुसी, हादसे के बाद पूरे बस मे अफरा तफरी और चीख पुकार मच गयी। सब यात्री एक-एक कर बाहर निकलने लगे। मिली जानकारी ने अनुसार किसी भी यात्री को कोई भी गंभीर या मामूली चोट भी नहीं आई, सभी यात्रियों को दूसरे बस के माध्यम से रवाना कर दिया गया।

## नकाबपोश ने किराना दुकान में की चोरी

**महासमुंद।** ग्राम गढ़सिवनी के एक किराना दुकान में नकाबपोश ने ताला तोड़कर चोरी को अंजाम दिया। घटना की रिपोर्ट तुमगांव थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को गढ़सिवनी के खिलावन ने बताया कि 14 अगस्त को दुकान 9.30 बजे दुकान बंद किया था। 15 अगस्त की रात करीब 1 बजे मेरे माता-पिता ने उसे फोन लगाकर बताया कि हमारे घर के दरवाजा को बाहर से कोई बंद कर दिया है और हम कमरे में बंद है। किराना दुकान के दरवाजा में लगे ताला को कोई अज्ञात व्यक्ति काट रहा है। इसके बाद वह अपनी पत्नी के साथ बाहर निकला और पिताजी के कमरे के बंद दरवाजे को सांकल को खोला। घर के आंगन से बाहर निकलने पर देखा कि दरवाजा खुला हुआ था कि बाहर निकलकर आसपास देखा तो कोई व्यक्ति नही दिखा। वापस आकर किराना दुकान अंदर जाकर देखा तो सीसीटीवी कैमरे को अज्ञात व्यक्ति द्वारा कपड़े से ढंक दिया गया था व एक सीसीटीवी कैमरा खुला था जिसमें घटना समय का रिकार्डिंग लोड है। सुबह सीसीटीवी कैमरा को चेक किया तो अज्ञात आरोपी नकाब लगाकर दुकान के अंदर प्रवेश किया और दराज में रखे चिल्हर सिक्के करीब 1000 रुपये को चोरी कर लिया। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

## शिशु संस्कार केंद्र में स्वतंत्रता पर्व धूमधाम से मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

विगत 15 अगस्त 2025 को शाला शिशु संस्कार केंद्र परिसर में देश के 79 वें स्वतंत्रता पर्व का महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। प्रातः 745 बजे शिशु कल्याण शिक्षा समिति के अध्यक्ष पारस चोपड़ा ने तिरंगा झंडा फहराया। इस अवसर पर समिति की ओर से उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल, सचिव शरद मालू, मनोहर पींचा, कोषाध्यक्ष अरूण जोशी, सहसचिव/प्रबंधक मनोहर मंहाती, शाला के प्राचार्य अवनीश पौलिनस वानी, प्रधानाचार्य नैना श्रीवास्तव, भावना गांधी, चंद्रकांता ठाकुर, संस्कार पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य गुरुप्रीत कौर, वरिष्ठ शिक्षणगण शाला स्टाफ व विद्यार्थीगण उपस्थित थे। ध्वजारोहरण के पश्चात बच्चों द्वारा विविध बच्चों द्वारा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये, प्री-प्रायमरी के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने महापुरूषों की वेशभूषा में अपनी अपनी प्रस्तुति दी। प्रायमरी, मिडिल एवं हाई हायर के बच्चों द्वारा गीत, भाषण, एकल गीत, समूह गीत, समूह नृत्य व भावनृत्य प्रस्तुत कर मिष्ठान वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन- सुनीता वानी, भावना गांधी ने किया। आभार प्रदर्शन शाला के प्राचार्य अवनीश पौलिनस वानी ने किया।

## मरार समाज के सामुदायिक भवन का लोकार्पण



**महासमुंद।** जिला मरार समाज सामुदायिक भवन का लोकार्पण विधायक योगेश्वर सिन्हा के मुख्यआतिथ्य में हुआ। सामुदायिक भवन निर्माण मुख्यमंत्री मद योजना के अंतर्गत पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के कार्य काल के दौरान प्राप्त दस लाख रुपए की धन राशि से निर्माण किया गया है। लोकार्पण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा महासमुंद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पवन पटेल जिलाध्यक्ष मरार समाज ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में निखिलकांत साहू अध्यक्ष नगर पालिका परिषद देवीचंद राठी उपाध्यक्ष नगर पालिका, भाऊराम साहू पार्षद क्र 25, राजेंद्र नायक पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, लोचन पटेल जिला संरक्षक, अंनतराम पटेल जिला कार्यकारी अध्यक्ष, रमेश पटेल जिला कार्यकारी अध्यक्ष, ललित पटेल जिला उपाध्यक्ष, तुकाराम पटेल अध्यक्ष कौड़िया राज, गैदराम पटेल अध्यक्ष खल्लारी राज, पुरुषोत्तम पटेल अध्यक्ष नर्राराज, प्रहलाद पटेल अध्यक्ष फुलझर राज, तुकाराम पटेल अध्यक्ष नांदगांव राज, दिनेश पटेल अध्यक्ष कुसमी राज, बलराम पटेल अध्यक्ष बकमा राज, मालिकराम पटेल जिला सचिव, कृष्ण पटेल जिला कोषाध्यक्ष इत्यादि मंचासीन रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत मां शांकभरी देवी की पूजन अर्चन वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुई। अतिथिओं का स्वागत फूल मालाओं तथा मोमेंटो व शाल भेंटकर किया गया इस दौरान विधायक सिन्हा ने समाज को संबोधित करते हुए उन्होने सारर्भित उद्बोधन दिया निखिलकांत साहू अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सभी अतिथियों ने अपना उदबोधन संक्षिप्त में दिया समाज की मांग पर भवन की सुरक्षा के लिए आहाता निर्माण के लिए विधायक निधि से राशि की मांग की जिस पर विधायक ने 10 लाख रुपए देने की घोषणा की। इस प्रकार नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू नगर पालिका परिषद ने समतली क्रांकीटीकरण के लिए 5 लाख व पार्षद भाऊ राम साहू अपनी निधि से 1 लाख रुपए देने की घोषणा की। इस दौरान दुकालुराम पटेल, भेखलाल पटेल, डोमार पटेल आदि मौजूद रहे।

## उल्लास और गरिमा के साथ मनाया गया 79वां स्वतंत्रता दिवस

**महासमुंद।** शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला नवागांव में स्वतंत्रता दिवस का 79वां राष्ट्रीय पर्व उल्लास एवं गरिमा के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि ग्राम सरपंच पार्वती पटेल ने भारत माता एवं महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पूजा अर्चन कर ध्वजारोहण किया। झंडारोहण पश्चात उपस्थित सदस्यों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा गांव की प्रमुख, गली चौक-चौराहों पर देश भक्ति जयकारे लगाते हुए रैली ग्राम पंचायत भवन पहुंचकर ध्वजारोहण का कार्यक्रम संपन्न कराया। पंचायत में झंडारोहण सरपंच पार्वती पटेल एवं उपसरपंच कमल नारायण पटेल द्वारा किया गया। इस अवसर पर शाला परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें अति विशेष अतिथि के रूप में जनपद पंचायत महासमुंद के अध्यक्ष दिशा रामस्वरूप दीवान का आगमन हुआ। राष्ट्रीय कार्यक्रम में पूर्व माध्यमिक शाला के शाला प्रबंधन समितिअध्यक्ष पूरन लाल निषाद प्राथमिक शाला के शाला प्रबंधन समितिअध्यक्ष सुंदरलाल सिन्हा, विजय डहरिया मोहनलाल निर्मलकर, परदेशी राम सिन्हा, मोरध्वज सिन्हा, गंगाराम दीवान, अजय जांगड़े गुरविंदर सिंह, गोवर्धन ध्रुव, मनहरण सिन्हा, योगेश सिन्हा, सूर्यकांत जांगड़े, मंजू सिन्हा, लता सिन्हा, नर्मदा सिन्हा, नेहा सिन्हा, प्राथमिक शाला प्रधान पाठक नरेश्वर डडसेना, शिक्षक अमृत निषाद, नंदकुमार कोसरे, अमर साहू, बिहेद्र कुमार साहू, किरण दीवान, रसोईया कर्मचारी लीला बाई निषाद, पुनिया यादव, उषा साहू, दयाबाई आदि मौजूद रहे।

## आदिवासी समाज की रैली में सम्मानित हुए प्रतिभावान छात्र और प्रतिभागी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



जिला मुख्यालय में संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा घोषित विश्व आदिवासी दिवस का कार्यक्रम शंकराचार्य भवन महासमुंद में 17 अगस्त को मनाया गया। मुख्य आयोजक आदिवासी ध्रुव गोंड समाज, छग अजजा शासकीय सेवक विकास संघ एवं आदिवासी युवा प्रभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।

ईष्ट देव की पूजा अर्चना पश्चात सामाजिक प्रमुखों की उपस्थिति में भव्य रैली नगर के प्रमुख स्थलों से होकर गुजरी। डॉ. भीमराव अंबेडकर एवं वीरांगना महारानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम स्थल में लोक कलाकार काशी ध्रुव व करमा नर्तक दल सिमगा द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

समाज के प्रतिभावान छात्रों एवं प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि योगेश्वर राजू सिन्हा विधायक महासमुंद, अध्यक्षता शिव कुमार सोरी, विशिष्ट अतिथि निखिल कांत साहू नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भीखम सिंह ठाकुर जिला पंचायत उपाध्यक्ष, कमलेश ध्रुव उपाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज, देवीचंद राठी नगर पालिका उपाध्यक्ष, थान सिंह दीवान जिलाध्यक्ष कंवर समाज, राधेश्याम ध्रुव पूर्व जिलाध्यक्ष ध्रुव गोंड समाज, एसपी ध्रुव प्रांतीय संयुक्त सचिव, एमएल ध्रुव जिलाध्यक्ष, महेश कुमार ध्रुव जिला महासचिव, सनकादिक ध्रुव, भुनेश्वर ध्रुव, सरजू कुंजाम, सहदेव ध्रुव, रतनू ध्रुव सहित समस्त परिक्षेत्र अध्यक्ष गण, बाबू लाल ध्रुव, वतन ध्रुव, जिला सचिव राज कुमार ध्रुव, प्रेम सिंह गोंड जितेंद्र कुमार ध्रुव पार्षद, पंकज कुमार ध्रुव श्रद्धा ध्रुव एवं युवा प्रभाग के अन्य साथी और मातृ शक्ति एवं पितृ शक्ति उपस्थित रहे। मंच संचालन बाबू लाल ध्रुव, महेश कुमार ध्रुव, वतन ध्रुव और आभार प्रदर्शन शिव कुमार ध्रुव संयोजक ने किया।

## सरस्वती शिशु मंदिर में कृष्ण जन्माष्टमी पर्व मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



स्थानीय भलेसर मार्ग पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उमावि में कृष्ण जन्माष्टमी पर्व मनाया गया। कार्यक्रम में संध्या शर्मा (आदर्श शिक्षा मंडल समिति के उपाध्यक्ष), विद्यालय के प्राचार्य देवराज वर्मा, विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य कृष्णा चंद्राकर उपस्थित थे। जन्माष्टमी पर्व पर विद्यालय में भगवान श्रीकृष्ण का विधिवत पूजन, आरती आचार्य बलराम सेन द्वारा करवाया गया। पूजन के पश्चात भजन, गीत, नृत्य, राधा कृष्ण युगल जोड़ी प्रतियोगिता, कृष्ण सज्जा प्रतियोगिता, मटकी फोड़ के कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने अनेक भगवान कृष्ण के ऊपर नृत्य प्रस्तुत किया। जिसमें जीविका पटेल एवं साथी द्वारा राधा कैसे न जले, कुमकुम चक्रधारी एवं साथी द्वारा राधे राधे तेरे बिना कृष्ण तो लगे आधे आधे, ऐश्वर्या चंद्राकर एवं साथी द्वारा बरसाने की होली, निधि साहू एवं साथी द्वारा वो किसना हैं, दिव्यांशी साहू एवं साथी द्वारा मच गया शोर सारी नगरी रे, वर्षा प्रजापति एवं साथी द्वारा कान्हा सो जरा, श्रेया साहू द्वारा मेरे बाके बिहारी लाल गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर समिति के उपाध्यक्ष संध्या शर्मा द्वारा मीठे रस से भरियो रे राधा रानी लागे प्रस्तुत किया गया। साथ ही राधा कृष्ण युगल जोड़ी, कृष्ण वेशभूषा, राधा सज्जा प्रतियोगिता भी रखी गई। जिसमें शिशु वर्ग के 45 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। कक्षा उदय एवं प्रथम से जिसमें राधा बनो प्रतियोगिता में आरणा चंद्राकर प्रथम, राशि नाग द्वितीय स्थान, खुस्मिता साहू तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कृष्ण सज्जा प्रतियोगिता में कुणाल प्रजापति प्रथम स्थान, लव कन्नौजे द्वितीय स्थान, सौम्या साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। राधा कृष्ण युगल जोड़ी प्रतियोगिता में आदित्य एवं वेदिका प्रथम स्थान, शौर्य एवं अपूर्वा द्वितीय स्थान, पुष्कर एवं देवांशी तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा अरुण से राधा बनो प्रतियोगिता में जीविका प्रथम स्थान, अनन्या द्वितीय स्थान, वाणी तृतीय स्थान, कृष्ण बनो प्रतियोगिता में भौतिक प्रथम स्थान, भावेश द्वितीय स्थान, विराट साहू तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा द्वितीय से राधा बनो प्रतियोगिता में मानसी ध्रुव प्रथम स्थान, आराध्या ध्रुव द्वितीय स्थान, परी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा तृतीय से नियति तांडी प्रथम स्थान, भाविका विश्वकर्मा द्वितीय स्थान, गुंजन साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## उत्कृष्ट कार्य ही प्रत्येक व्यक्ति को सम्मान प्रदान करता है: दिनेश

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव भाटापारा वार्ड नं 12 में प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज तुमगांव परिक्षेत्र के द्वारा आयोजित बलिदानी राजा गुरु बालकदास के जयंती के अवसर पर उत्कृष्ट विद्यार्थी एवं उत्कृष्ट कर्मचारी सम्मान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिनेश बंजारे प्रदेश सहसचिव प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के द्वारा प्रदान किया गया। बंजारे ने कहा कि सम्मान केवल उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्ति को ही मिलता है जीवन का प्रत्येक क्षेत्र महत्वपूर्ण है जिसमे हमेशा उत्कृष्ट प्रदर्शन करना चाहिए। कार्यक्रम में विजय बंजारे ने अध्यक्षता की। विशिष्ट अतिथि हितेश जंघेल, खोसिल गेंड्रे, जिला उपाध्यक्ष चित्र कुमार भारती, ब्लॉक अध्यक्ष गणेश टंडन, ब्लाक सचिव, हर्षप्रताप मन्नाडे अध्यक्ष संघर्ष समिति, फनेंद्र बंजारे, शिक्षा प्रकोष्ट ब्लाक अध्यक्ष महासमुंद मंचासीन रहे। कार्यक्रम के सार्थक आयोजन में वेदराम गिलहरे अध्यक्ष, गोवर्धन खूंटे सचिव, शुभम टण्डन पार्षद, संतराम मन्नाडे भंडारी, हेमंत सोनवानी, छगन मन्नाडे, गिरधर जांगड़े, विनोद गहरवाल, रतन मन्नाडे, माणिक सोनवानी, चोवा कोसले, कांतिलाल महिलांग, विक्की डहरिया, विनोद टंडन, जागेश्वर जांगड़े, मुकेश रात्रे शिक्षक, पुरुषोत्तम खूंटे, अमरदास टंडन, राधिका आवड़े, नविया कुर्रे आदि वार्ड के वार्डवासी महिलाओं एवं बच्चों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन विनोद गहरवाल व छगन मन्नाडे द्वारा संयुक्त रुप से किया गया।

# प्रदेश का सबसे बड़ा जन्माष्टमी महोत्सव पेंड्रा में मनाया गया, जुटे समाज के लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा के राष्ट्रीय सचिव इंजीनियर एसडी यादव के मुख्य आतिथ्य में राज्य की सबसे लंबी शोभा यात्रा पेंड्रा मरवाही गौरेला में आयोजित की गई। शोभा यात्रा ग्राम गिरवर में प्रारंभ हुई और पेंड्रा के अटल सभा गृह में पूर्ण हुई, इन दोनों स्थान की दूरी विभिन्न मार्गों होकर लगभग 15 किलोमीटर है।

दोनों नगरों में जगह-जगह स्वागत किया गया। शोभा यात्रा में, पैदल, बाइकों, चार पहिया वाहनों, बसों, ट्रकों में भक्तगण चल रहे थे, दो-दो डीजे, वृंदावन से पधारे कलाकारों ने पूरे शहर को मंत्रमुग्ध कर दिया। जगह जगह, चौक-चौराहों पर गोविंदा की टोलियों ने मटकी फोड़ कर आनंद भर दिया। पूरे रास्ते में लोगों ने नृत्य किया, मंचीय कार्यक्रम अटल सभागार में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम अपने इष्ट देव भगवान कृष्ण की पूजा अर्चना कर आरती की। उपस्थित आयोजन समिति के सदस्यों ने पुष्पहार से स्वागत किया, राष्ट्रीय सचिव इंजीनियर एसडी यादव मुख्य अतिथि का सभी ने भव्य स्वागत किया है।




मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज हम सब यहां भगवान कृष्ण के पावन जन्मोत्सव, जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में एकत्रित होकर अपने इष्ट देव का जन्मोत्सव पर्व मना रहे हैं। इस शुभ अवसर पर में मैं यादव समाज के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सामाजिक योगदान पर कुछ शब्द आप सबके समक्ष रखना चाहता हूं। जैसा कि हम सभी जानते हैं भगवान कृष्ण स्वयं यादव कुल में जन्मे थे। उनका जन्म एक अवतारी पुरुष का ही नहीं बल्कि एक ऐसे मार्गदर्शक का था जिन्होंने धर्म, नीति, कर्म और प्रेम का अनोखा संगम समाज को दिया।

उन्होंने गीता के उपदेश के माध्यम से केवल अर्जुन को ही नहीं बल्कि समस्त मानव जाति को जीवन जीने की राह दिखाई। यादव समाज का योगदान केवल कृष्ण तक सीमित नहीं रहा। प्राचीन काल से लेकर आधुनिक युग तक यादवों ने कृषि, सैन्य राजनीति, समाज सेवा और सांस्कृतिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। महाभारत काल में यादव वीरों की शक्ति और पराक्रम का वर्णन स्वयं वेद और पुराणों में मिलता है। स्वतंत्रता संग्राम में भी यादव समाज के कई वीरों ने बलिदान दिया। आज भी भारतीय सेना में यादव युवाओं की उपस्थिति गर्व का विषय है।ये देश की सीमाओं की रक्षा तन मन और प्राण तक न्यौछावर करते है। राजनीति के क्षेत्र की बात करें तो यादव समाज लोकतन्त्र को मजबूत करने में अहम भूमिका निभा रहा है, चाहे संसद हो ,विधानसभाएं हो, या ग्राम पंचायतें स्थानीय संस्थाएं यादव नेताओं ने जन सेवा को ही अपना धर्म माना है। सामाजिक क्षेत्र में भी यादव समाज ने शिक्षा, स्वास्थ और सामाजिक जागरूकता जैसे कार्यों में बढ़-चढकर भाग लिया है। समंत सुधार की दिशा में आज यादव समाज के संगठन कार्य कर रहे है। इसलिए जन्माष्टमी के इस पावन अवसर पर हमें न केवल कृष्ण के जीवन से प्रेरणा लेना चाहिए कि हमें उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलकर समाज और देश की सेवा करने का संकल्प लेना चाहते हैं। आइए हम सब मिलकर यह प्रण लें कि हम अपने पुरखों की विरासत को आगे बढ़ाएं और एक सशक्त समृद्ध ओर सुसंस्कृत भारत के निर्माण में अपना योगदान दे।

जन्माष्टमी कार्यकम में रेजांगला रज कलश यात्रा के साथ अहीर रेजिमेंट की मांग पर उपस्थित जनसमुदाय को विस्तार से जानकारी दी।

शोभायात्रा में जगह जगह रेजांगला शौर्य के गीत भी बजाए गए तथा युवाओं में अहीर रेजिमेंट हक है हमारा के गगन भेदी नारों से जोश भरा गया, राष्ट्रीय सचिव इंजीनियर एस डी यादव ने 18 नवंबर 2025 को दिल्ली में आयोजित विशाल कार्यकम में रेजांगला रज कलश यात्रा समापन पर शामिल होने अनुरोध किया गया था। कार्यक्रम का संचालन जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश यादव ने किया आभार प्रदर्शन युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष टेकराम यादव ने किया। महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष रानू यादव मालिक राम यादव दिलीप यादव, गंगादीन यादव एवं पूरी टीम के सदस्य शामिल थे। कार्यक्रम में नारी शक्ति की उपस्थिति सराहनीय थी। प्रेस विज्ञप्ति प्रदेश मीडिया प्रभारी नरेंद्र कुमार यादव एवं ओम प्रकाश यादव जिला अध्यक्ष पेंड्रा द्वारा जारी की गई।

## खबर संक्षेप



### सोहम हॉस्पिटल में लगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**महासमुंद।** समीपस्थ ग्राम लभराखुर्द स्थित सोहम हॉस्पिटल में 117वां निःशुल्क स्वास्थ्य रविवार को आयोजित हुआ। जिसमें 70 से अधिक मरीजों का डॉक्टर सोमी चंद्राकर एवं डॉक्टर युगल चंद्राकर ने जांच की साथ ही 35 मरीजों की निःशुल्क सोनोग्राफी की गई। विभिन्न बीमारियों के मरीजों का निःशुल्क परीक्षण कर उचित मार्गदर्शन दिया गया। इस शिविर में जिले के बागबाहरा क्षेत्र सहित तुमगांव, पिथौरा के मरीज लाभान्वित हुए। बता दें कि हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. युगल चंद्राकर के मार्गदर्शन में समय-समय पर इस तरह के निशुल्क सेवा के कार्य सोहम परिवार के माध्यम से चलाए जाते हैं।

### 11 सूत्रीय मांगों को लेकर 22 अगस्त को फेडरेशन की हड़ताल

**भंवरपुर।** छग कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय अव्हान पर 22 अगस्त को मोदी गारंटी को पूर्ण कराने प्रांतव्यापी हड़ताल का आयोजन की जाएगी। फेडरेशन बसना के तहसील अध्यक्ष पुरुषोत्तम छत्तीसगढिया, संघीय अध्यक्ष सरनदास, नीलांबर नायक, अमृत जगत, उपेंद्र नाग, प्रीत पटल, बीआरसी जोल्हे, विजय धृतलहरे, पाठक वन विभाग, टेकन वर्मा कृषि, एसके प्रधान प्राचार्य, भगवानदास सेठ पेंसनर संघ, नरेश पटेल पंचायत, सीताराम पटेल, बुडेक गजपति सिदार ने बताया कि आंदोलन के प्रथम चरण में जिला ब्लाक मुख्यालय में धरना प्रदर्शन कर शासन-प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया गया था। इसके उपरांत भी किसी प्रकार की पहल नही होने पर विवश होकर 11 सूत्रीय मांग का ज्ञापन मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल के नाम कलेक्टर महासमुंद को सौंपा जाएगा। धरना जिला स्तर पर मुख्यालय में होगा।



### कांग्रेसियों ने मनाया जिलाध्यक्ष का जन्मदिन

**महासमुंद।** शहर के ऐतिहासिक गांधी कांग्रेस भवन में जिलाध्यक्ष एवं महासमुंद विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी डॉ रश्मि चंद्राकर के जन्मदिवस पर समस्त कांग्रेसजन, जनप्रतिनिधिगण, पदाधिकारीगण, महिला प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ, सेवादल, एनएसयूआई के समस्त सदस्यगण नगर पालिका अध्यक्ष केक काटकर जन्मदिवस मनाया।

### एसडीएम ने जुनवानी कला में डिजिटल क्रॉप सर्वे कार्य का किया निरीक्षण



**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बागबाहरा उमेश कुमार साहू एवं तहसीलदार नितिन ठाकुर द्वारा बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम जुनवानी कला प.ह.नं.-23 में डिजिटल क्रॉप सर्वे कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गांव के भूस्वामियों में संतराम, कमलाबाई, कर अंगालाला, सत्यभामा एवं नरेंद्र कुमार एवं अन्य किसान उपस्थित थे। अधिकारियों ने सर्वे की प्रगति का जायजा लिया और किसानों से उनकी समस्याओं तथा फसलों की वास्तविक स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अपने अधीनस्थ सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि सर्वे कार्य को पारदर्शीता के साथ करें।

## नशामुक्त भारत अभियान के तहत हुआ जागरुकता कार्यक्रम




**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी विकासखंड बागबाहरा में प्राचार्य डोमन सिंह टंडन के मार्गदर्शन में रेडक्रॉस के स्वयं सेवकों द्वारा नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के समस्त स्टॉफ और उपस्थित समस्त छात्र छात्राओं को नशामुक्त देवरी और नशामुक्त भारत के लिए शपथ दिलाई गई। सभी से निवेदन किया गया कि अपने आप, अपने परिवार, अपने स्कूल, अपने गांव, अपने देश को नशा मुक्त करना है। इस अवसर पर प्राचार्य डोमन सिंह टंडन ने कहा कि शपथ लेने के पश्चात हमें भूल नहीं जाना है। नशा करने वालो को चिन्हित कर के उन्हें नशे के दुष्परिणाम से अवगत करवा कर नशा नहीं करने का निवेदन करना है। वरिष्ठ व्याख्याता नेशलाल धृतलहरे ने बताया कि नशा नाश की जड़ है। कार्यक्रम का संचालन रेडक्रॉस प्रभारी व्याख्याता परस राम सिन्हा ने किया और बताया कि बीड़ी, सिगरेट, तंबकू का सेवन नहीं करना चाहिए। व्याख्याता संजय बारसागढ़े ने शराब पीने से हानि, गांजा, चरस, अफीम के सेवन के दुष्परिणाम के बारे में अवगत करवाया। व्याख्याता भोजराम ध्रुव ने बताया कि जो परिवार में नशा करने वाले होते है उस परिवार में खुशहाली नहीं होती है। आभार प्रदर्शन व्याख्याता बीएल टंडन ने किया। कार्यक्रम में व्याख्यातागण रवि प्रकाश पात्रे, कुलेश्वर सिंह ठाकुर, आशीष कुमार दीवान सहायक शिक्षक उदेश्याम यादव, मौसमी चंद्राकर, पुष्कर वर्मा, कार्यालयीन कर्मचारी हितेश साहू, रईस मिर्जा, कार्तिक राम यादव, रेडक्रॉस के स्वयंसेवक पुष्पा जांगड़े, तारिणी साहू, मंजू चतुर्वेदी, पूजा यादव, आरती निषाद, अनामिका यादव, जिया साहू, कविता यादव, दीपिका देवांगन, बिनदा, गुंजा निषाद, झरना मांझी, भूपेश सेन, रविन निराला, ओम नारायण, श्रेया देवांगन, संजना पुरेना और स्काउट गाइड, ईको क्लब के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।




## शासकीय महाविद्यालय में मशरुम उत्पादन पर एक दिवसीय कार्यशाला हुई

**सरायपाली।** वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ संध्या भोई के निर्देशन एवं सब्या पटेल (आइक्यूएसी प्रभारी एवं विभाग अध्यक्ष रसायन शास्त्र) के मार्गदर्शन में रोजगार मार्गदर्शन प्रकोष्ठ तथा आइक्यूएसी के संयुक्त तत्वाधान में मशरूम उत्पादन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में स्रोत वक्ता के रूप में तरुण प्रधान (एसआरएफ) कृषि विज्ञान केंद्र महासमुंद मंचासीन रहे। स्रोत वक्ता तरुण प्रधान द्वारा मशरूम उत्पादन के प्रत्येक चरण को पीपीटी के माध्यम से बताया गया तथा नवाचार के रूप में विद्यार्थियों को मशरूम उत्पादन के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर रोजगार मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के सदस्य केएस पटेल, हेमलता पटेल, महाविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र /छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यशाला का संचालन पी बाघ द्वारा किया गया।



## पदमपुर ने जीता फुटबाल स्पर्धा, कुटेला उपविजेता

**महासमुंद।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में खेल संघ जगदीशपुर-नरसिंहपुर द्वारा आयोजित अंतरराज्यीय फुटबाल प्रतियोगिता में पदमपुर ओडिशा की बोडासम्मर टीम और कुटेला के मध्य रोमांचक फाइनल मैच खेला गया। जिसमें बोडासम्मर टीम ने 1-0 से प्रतिस्पर्धा अपने नाम किया। इसके पहले सेमीफाइनल में पदमपुर ने जोगनीपाली को 2-0 से हराया था। वहीं कुटेला की टीम सराईपाली को हराकर फाइनल में प्रवेश ली थी। खेल संघ के लोरीश गुरूजी ने बताया कि जगदीशपुर में फुटबाल आयोजन की आधी सदी पुरानी परंपरा है, जिसे बरकरार रखने के लिए तथा गई पीढ़ी में फुटबाल की लोकप्रियता को बनाए रखने के लिए प्रति वर्ष आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। समापन अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी मनोज धृतलहरे विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रथम पुरस्कार स्व.फूलचंद सरताज की स्मृति में उनकी पुत्री नौलीन मांझी सरपंच नरसिंगपुर ने 15000 रुपए प्रदान किया, गर्ग परिवार बसना की ओर से द्वितीय पुरस्कार 10000 रुपए सौरभ अग्रवाल द्वारा प्रदान किया गया। वहीं तृतीय पार स्टार एनए हिल (कोरबा) ने प्रदान किया है। चतुर्थ पुरस्कार महावीर आटो झगरेनडीह को दिया गया।

## विज्ञान ओलंपियाड परीक्षा परिणाम घोषित, छात्रा मुस्कान व अर्श ने किया जोनल रैंक प्राप्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

विज्ञान ओलंपियाड संस्था नई दिल्ली के द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित विज्ञान ओलंपियाड परीक्षा परिणाम घोषित की गई। प्रतिभा पब्लिक में अध्यनरत छात्रा मुस्कान अग्रवाल कक्षा 9वी द्वितीय स्तर की राष्ट्रीय विज्ञान ओलंपियाड परीक्षा में जोनल रैंक 96 प्राप्त किया तथा कक्षा 5 वी में अध्ययनरत अर्श अग्रवाल ने द्वितीय स्तर की अंतर्राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड में जोनल रैंक 72 प्राप्त किया। जबकि, कक्षा 10वीं में अध्यनरत छात्रा कोमल बारिक तथा कक्षा 9वी में अध्यनरत धानी अग्रवाल अंतराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड प्रथम स्तर की परीक्षा में क्रमशः 22वां एवं 13वां जोनल रैंक प्राप्त किया। प्राचार्य नरहरि पटनायक ने प्रार्थना सभा में प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सभी को सम्मानित किया। सभी छात्र-छात्राओं ने शाला एवं शहर को गौरवान्वित किया है। प्राचार्य नरहरी पटनायक, उप-प्राचार्य नासिर खान, संचालक डॉ. आभाष अग्रवाल के साथ सभी शिक्षक शिक्षिकाएं प्रतिभागियों को सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। विद्यार्थियों की सफलता में विज्ञान शिक्षक नवीन कुमार कर, गणित शिक्षक सुशील महापात्र के साथ हिन्दी शिक्षक गणेश सामल का योगदान, समनवयक नीलम पाणी के निर्देश में सराहनीय रहा।

## गोपालपुर एनीकट के माध्यम से कोडार का पानी प्लांट को देने की तैयारी : विनोद

### भाजपा सरकार को किसानों से अधिक उद्योगपति मित्रों की चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व

- गोपालपुर एनीकट के माध्यम से कोडार का पानी करणीकृपा प्लांट को देने की योजना बनाई

महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि भाजपा की साय सरकार प्रदेश में लगातार किसानों की उपेक्षा करते हुए उनके अधिकारों का हनन करने पर आमादा हो गई है। महासमुंद जिले के तुमगांव के समीप खैरझिटी स्थित करणीकृपा स्टील एवं पावर प्लांट को कोडार बांध से पानी देने की योजना क्षेत्र के किसानों के विरोध के बाद विफल होने पर गोपालपुर एनीकेट के माध्यम से कोडार का पानी करणीकृपा प्लांट को देने की योजना बनाई गई है। गोपालपुर एनीकट को ग्रामीणों के निस्तारी तथा पशुओं के प्यास बुझाने के लिए बनाया गया था। इस एनीकट से किसानों को भी पानी नहीं दिया जाता। यह एनीकट कोडारबांध से छोड़े गए पानी से भरता है, जो गर्मी के दिनों में ग्रामीणों तथा पशुओं के निस्तारी का प्रमुख साधन है। विनोद ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर के पत्र क्र. एलटीडीएन 20240048 दिनांक 29.10.2024 के तहत छत्तीसगढ़ शासन द्वारा करणीकृपा पावर प्लांट को गोपालपुर एनीकट से पानी ले जाने के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है। प्लांट के विरूद्ध आम जनता एवं किसानों द्वारा लगातार प्रदर्शन कर विरोध किया जा रहा है।



उसके बाद भी छत्तीसगढ़ की साय सरकार द्वारा गो पा ल पु र एनीकट से प्लांट को पानी ले जाने की स्वीकृति दी गई है। जबकि, इस एनीकट से किसानों को भी कृषि कार्य के लिए पानी नहीं दिया जाता।

चंद्राकर ने कहा कि किसानों के हिस्से के पानी को भाजपा की कार्पोरेट सरकार चोरी-छिपे करणीकृपा पावर प्लांट को बेच रही है। कोडार बांध से सीधे पानी न ले जाकर गोपालपुर एनीकट के माध्यम से कोडार का पानी इस प्लांट को देने का षड़यंत्र भाजपा की सरकार ने रचा है। यदि ऐसा हुआ तो ना ही कोडार में निस्तारी योग्य पानी बचेगा और न ही किसानों को फसल सिंचाई के लिए पानी मिल पाएगा। लगातार किसानों के विरोध के बाद भी भाजपा सरकार द्वारा किसानों को हासिए पर रखा जा रहा है। किसानों द्वारा किए जा रहे विरोध के बाद भी सरकार द्वारा प्लांट को पानी दिया जाना यह सिद्ध करता है कि भाजपा की प्रदेश सरकार की प्राथमिकता में किसान हित नहीं अपितु बड़े उद्योगपति मित्रों का हित है।

पूर्व संसदीय सचिव ने कहा कि करणीकृपा पॉवर प्राइवेट लिमिटेड खैरझिटी के इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट एवं 74 मे. वा. केप्टिव पॉवर प्लांट द्वारा जल संसाधन संभाग महासमुंद से किसी तरह का अनुबंध नहीं किया गया है। इसके बावजूद भी संस्था द्वारा कृषकों के कृषि भूमि एवं शासकीय भूमि में पाइपलाइन बिछाने के लिए खनन कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। जिससे किसान आक्रोशित हैं। चंद्राकर ने इस आशय का पत्र जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप को प्रेषित कर गोपालपुर एनीकट से उक्त प्लांट को पानी नहीं दिए जाने की मांग करते हुए तत्काल स्वीकृति निरस्त करने की मांग की है।

## बागबाहरा पहुंचे खुज्जी विधायक का कांग्रेसियों ने किया स्वागत



**खल्लारी।** ओडिशा प्रवास के दौरान खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के विधायक भोलाराम साहू एवं कुरूद के पूर्व विधायक लेखराम साहू का आगमन बागबाहरा में हुआ। इस दौरान बागबाहरा जनपद पंचायत कार्यालय के समीप जनपद अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकर के नेतृत्व में आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया। इस मौके पर जनपद एवं ग्राम पंचायत प्रतिनिधि, कांग्रेस कार्यकर्ताओं के आलावा स्थानीय व क्षेत्रीयजन उपस्थित रहे।

## कृष्ण जन्माष्टमी पर डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर हिंदू युवा संगठन द्वारा केन्दुढाल में राज्य स्तरीय भव्य कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव एवं डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अनिता चौधरी, राष्ट्रीय सदस्य मानवाधिकार सुरक्षा आयोग ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंदूढार सरपंच रोहित साहू ने की। विशेष अतिथियों में रूपलाल चौहान (जनपद सदस्य), कन्हैया पटेल (जनपद सदस्य), महेश नायक (प्रखंड अध्यक्ष, विश्व हिंदू परिषद), तेजाराम बीसी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।



कार्यक्रम का सफल संचालन अमित चौरसिया द्वारा किया गया।

आयोजन की जिम्मेदारी चमन यादव, तेजस, भोला, फिनेश यादव एवं हिंदू युवा संगठन की पूरी टीम ने निभाई। प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों से प्रतिभागियों ने भाग लेकर अपनी अद्भुत नृत्य प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आस-पास के गांवों से आए हजारों दर्शकों की भीड़ ने आयोजन की भव्यता को और बढ़ा दिया। प्रतियोगिता के परिणामों में ग्रुप डांस श्रेणी में टीम सरारा भाटगांव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। एकल नृत्य में शिव तांडव प्रस्तुति को प्रथम स्थान मिला। वहीं युगल नृत्य में राधे-श्याम (तमनार) की जोड़ी ने पहला स्थान हासिल किया। मुख्य अतिथि चौधरी ने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन हमारी परंपरा, संस्कृति और युवा प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने आयोजकों एवं प्रतिभागियों की सराहना की।

## सशिमं में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जन्माष्टमी पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में परंपरानुसार इस वर्ष भी जन्माष्टमी पर नंद-उत्सव 17 अगस्त रविवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कृष्ण पूजन, झांकी प्रदर्शन, दही लूट एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन रखा गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि खिलेश्वरी छोटू बघेल (अध्यक्षः नगर पालिका परिषद, बागबाहरा), अध्यक्ष तारा शर्मा (सदस्य विद्यालय संचालन समिति) एवं विशेष अतिथि वीणा साहू (पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत, बकमा) थीं। कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण का पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। विद्यालय के भैया एवं बहिनों द्वारा श्रीकृष्ण की स्तुति एवं आरती की गई। मुख्य अतिथि का स्वागत विद्यालय के सांस्कृतिक प्रमुख एवं कार्यक्रम अध्यक्ष का स्वागत विद्यालय की बहिन निधि साहू तथा विशेष अतिथियों का स्वागत बहिन सृष्टि साहू ने किया। विद्यालय संचालन समिति के सदस्य अनिल पुरोहित एवं अन्य अतिथियों का स्वागत किशोर भारती साहिल पांडे द्वारा किया गया। अतिथि-परिचय प्राचार्य नंदूराम निर्मलकर ने दिया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर संस्कार से परिपूर्ण शिक्षा देने वाला एकमात्र विद्यालय है, जो इस प्रकार के आयोजन करके संस्कार एवं संस्कृति की शिक्षा देता है। विद्यालय के भैया-बहिनों द्वारा प्रदर्शित झांकियों में कक्षा तृतीय से गोवर्धन पर्वत, चतुर्थ से यमलार्जुन उद्धार,




पंचम से श्रीकृष्ण को यमुनापार कराते हुए, कक्षा षष्ठ से राजा मोरध्वज का बलिदान, सप्तम चक्रव्यूह भेदन, कक्षा, अष्टम से शरणागत अर्जुन, कक्षा नवम से श्रीकृष्ण शैया, एकादश से वृंदावन में फूलों की होली एवं कक्षा द्वादश में सुदामा एवं श्रीकृष्ण के मिलन का जीवंत प्रदर्शन दर्शकों का मन मोह रहा था। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रारंभ कक्षा तृतीय के स्वागतम-स्वागतम प्रस्तुति के साथ हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत समूह नृत्य, डांडिया, सुआ नृत्य, त्रिदेव थीम एवं राउत नाचा आकर्षण के केंद्र रहे। तत्पश्चात दही लूट के कार्यक्रम में उपस्थितजनों ने अपनी सहभागिता दिखाते हुए भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम का संचालन पौरवी देवांगन एवं साधना देवांगन ने किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य नंदूराम निर्मलकर ने अतिथियों एवं अभ्यागत अभिभावकों सहित कार्यक्रम की सफलता में सहयोग करने वाले बंधुओं-भगिनियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया

**महासमुंद।** जिले के एकमात्र अंग्रेजी माध्यम कॉलेज स्वामी आत्मानंद शासकीय आदर्श महाविद्यालय में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रांगण में ध्वजारोहण का कार्य संस्था प्रमुख प्राचार्य प्रो. डॉ. अनुसुइया अग्रवाल द्वारा किया गया। समारोह में महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं, स्टाफ सदस्य तथा नगर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ. अग्रवाल ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को स्मरण करते हुए विद्यार्थियों को देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत होकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए गए तथा भाषणों के माध्यम से स्वतंत्रता दिवस के महत्व को रेखांकित किया गया। पूरे कार्यक्रम का वातावरण राष्ट्रभक्ति और उत्साह से सराबोर रहा। इस दौरान कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रतिमा चंद्राकर, अर्थशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक रवि देवांगन, कॉमर्स संकाय के सहायक प्राध्यापक तरुण कुमार बांधे, अतिथि व्याख्याता डॉ. ग्लैडिस एस. मैथ्यू समाजशास्त्र, हरिशंकर नाथ राजनीति विज्ञान, मुकेश सिन्हा कंप्यूटर एप्लीकेशन, माधुरी दीवान वाणिज्य, आलोक त्रिलोक हिरवानी कंप्यूटर साइंस, चित्रेश बरेठ रसायन शास्त्र, संजय कुमार अंग्रेजी, खुशबू सिन्हा ग्रंथपाल, शेषनारायण साहू , जगतारण बघेल आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### पूर्व नपाध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण

**महासमुंद।** नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष व पार्षद पवन पटेल ने कुम्हारपारा प्राथमिक शाला एवं कुम्हारपारा मिडिल स्कूल में झंडा फहराया। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं और बच्चे उपस्थित थे।



### दही हांडी लूटकर मनाया कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व

**महासमुंद।** ग्राम मामाभांचा में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी गांव के प्रमुख एवं राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष त्रिलोक चंद जैन के सानिध्य में मटका फोड़ प्रतियोगिता रखकर कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का पर्व मनाया गया।गौरतलब है कि कृष्ण जन्माष्टमी पर्व ग्राम मामा भांचा में धूमधाम से मनाया जाता है। जिसमें गांव प्रमुख त्रिलोक चंद जैन गोपालों के दही हांडी लूट, मटका फोड़ प्रतियोगिता रखा गया। जिसमें विजयी प्रतिभागियों को इनाम दिया गया। तत्पश्चात कृष्ण कि विधि विधान से पूजन कर प्रसाद वितरण किया गया। बच्चे कृष्ण और राधा कि पोशाकों में अद्भुत लग रहे थे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नरेश जैन, समीक्षा जैन, बिंदु गोस्वामी, बसंत साहू, अरुण साहू, पुरुषोत्तम साहू, गोपाल साहू, तोरण साहू, रुपेश साहू, संजू पटेल, पेमेंद्र पटेल आदि का योगदान रहा।



### विविध खेलों में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**नर्रा।** एसजी एफआई ओलंपिक में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दाबपाली की छात्रा चांदनी ध्रुव गोला फेंक, लंबी कूद और खुशी कुर्रे के तवा फेंक में विजेता बनने और जिले के लिए चयनित होने पर प्रधान पाठक एसएल दीवान एवं शाला विकास समिति अध्यक्ष गैस पटेल समेत शिक्षकों ने हर्ष जताया है।

### बरबसपुर में जब्त रेत की नीलामी 25 से 27 तक

**महासमुंद।** कलेक्टर कार्यालय (खनिज शाखा) महासमुंद द्वारा ग्राम बरबसपुर में शासकीय एवं निजी भूमि में अवैध रूप से भंडारित रेत को जब्त किया गया है। जब्त भंडारित रेत को निविदा के माध्यम से नीलामी किया जाएगा।

### छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने विधायक का माना आभार

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन बस्तर संभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संभाग प्रभारी प्रवीण श्रीवास्तव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने प्राचार्य पदोन्नति के सम्बद्ध में विधायक किरण देव से भेंट कर प्राचार्य पदोन्नति की काउंसलिंग प्रारम्भ कराने के लिए आभार प्रकट कर धन्यवाद दिया।

## निधन

### भोजराम निषाद

**महासमुंद।** ग्राम बिरकोनी भाठापारा निवासी कृषक भोजराम निषाद का सोमवार 18 अगस्त की शाम निधन हो गया। वे लगभग 67 वर्ष के थे। वे विश्व स्वास्थ्य संगठन से जुड़े संतोष निषाद और ताम्रज निषाद के पिता थे।



**रोष : बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं होने पर विधायक नंद ने आंदोलन की दी चेतावनी**

# अघोषित बिजली कटौती से नाराज विधायक ने किसानों के साथ घेरा बिजली दफ्तर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली (ग्रामीण)

विधानसभा क्षेत्र में लगातार बिजली संकट से

- सरायपाली शहर में भी लगातार बिजली कटौती के लिए जताई नाराजगी

त्रस्त किसानों और आम जनता की समस्याओं को लेकर आज विधायक चातुरी नंद ने सैकड़ों किसानों के साथ बिजली विभाग कार्यालय का घेराव किया। क्षेत्र में दिनों-दिन बढ़ रही अघोषित कटौती, ट्रांसफॉर्मर जलने के बाद समय पर बदलने में हो रही घोर लापरवाही, और कृषि पंपों को बिजली आपूर्ति बंद करने जैसी मनमानी के खिलाफ यह प्रदर्शन किसानों का आक्रोश बनकर फूटा।



विधायक नंद ने बिजली विभाग के अफसरों और प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि किसानों की फसलें अंधेरे में सूख रही हैं, लेकिन सरकार और विभाग तमाशा देख रहे हैं। प्रदेश की भाजपा सरकार बड़े-बड़े वादे करती है, लेकिन किसानों को न तो बिजली मिल रही है और न ही राहत। अघोषित कटौती और विभागीय भ्रष्टाचार ने किसानों को सड़क पर उतरने पर मजबूर कर दिया है।

उन्होंने कहा कि यह घेराव केवल चेतावनी है कि अगर 15 दिनों के भीतर सरायपाली क्षेत्र के किसानों को निर्बाध बिजली आपूर्ति, खराब ट्रांसफॉर्मरों की तत्काल मरम्मत और कृषि पंप कनेक्शनों की दिक्कतें दूर नहीं की गईं, तो कांग्रेस पार्टी किसानों के साथ मिलकर उग्र आंदोलन को बाध्य रहेगी। विधायक चातुरी नंद ने यह भी कहा कि सरायपाली शहर में भी बिजली की आंख मिचौली से नगरवासी त्रस्त है। बार बार बोलने के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई। अगर जल्द सुधार नहीं किया जायेगा तो रणनीति तैयार कर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। किसानों ने भी बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाज़ी की और प्रदेश सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि अगर स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो फसल चौपट होने की जिम्मेदारी सरकार की होगी। विदित हो कि सरायपाली विधायक चातुरी नंद को आज किसानों ने सुबह जानकारी दी कि अघोषित बिजली कटौती की जा रही है जिसके विरोध में उनके द्वारा सब स्टेशन खैरमाल ऑफिस पहुंचे। किसानों की सूचना पर विधायक चातुरी नंद तत्काल मौके पर पहुंची और वहां जेई को अनुपस्थिति पर नाराजगी जाहिर की।

इसके बाद विधायक चातुरी नंद सरायपाली स्थित बिजली दफ्तर पहुंची। बिजली दफ्तर घेराव करने वालों में प्रमुख रूप से आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहन लाल भोई, युवा कांग्रेस सरायपाली विधानसभा अध्यक्ष पंकज बीसी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमल अग्रवाल, किसान अजय मांझी, अश्विनी मांझी, सुरेंद्र चौधरी, अनिल पटेल, केशव अग्रवाल, शरद यादव, जयंत यादव सहित सैकड़ों किसान मौके पर उपस्थित थे।

## महिला कांग्रेस ने पिथौरा में मशाल जुलूस निकालकर जताया विरोध



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष

- सरायपाली शहर में भी लगातार बिजली कटौती के लिए विधायक

फूलोदेवी नेताम एवं जिला अध्यक्ष दुर्गा सागर के निर्देश पर कथित वोट चोरी मामले को लेकर पिथौरा नगर में महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मशाल जुलूस निकाला।

ज्ञात हो कि हाल ही में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रेस कांफ्रेंस कर चुनावों में धांधली और वोट चोरी को लेकर गंभीर खुलासे किए थे तथा केंद्र की मोदी सरकार और चुनाव आयोग पर मिलीभगत के गंभीर आरोप लगाए रहे। इसी मुद्दे को लेकर महिला कांग्रेस ने सड़क पर उतरकर विरोध दर्ज कराया। महिला कांग्रेस की जिला उपाध्यक्ष हेमलता सागर निषाद ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार देश की सभी लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर कर रही है। महिला कांग्रेस की ब्लॉक अध्यक्ष लता ठाकुर ने कहा कि हमारा यह आंदोलन यहीं नहीं रुकेगा। इस अवसर पर महिला कांग्रेस की कार्यकर्ता गुलिस्ता बाघ, अंजू कुमार, आसमती सिन्हा, शिवानी ध्रुव, गुनगुन ठाकुर, तनूजा ठाकुर, ललिता ठाकुर, मंजू बरिहा, गीतिका ठाकुर, अंशु, खुशी मानवी, लता ध्रुव सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

## महाविद्यालय में मनाया गया एंटी रैगिंग डे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के आदेश के तहत 12 से 18 अगस्त 2025 तक 'एंटी रैगिंग डे' महाविद्यालय परिसर में मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार ने यह संकल्प लिया कि कॉलेज परिसर में रैगिंग जैसी अमानवीय एवं असंवैधानिक गतिविधि को किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम, गोष्ठी, शपथ ग्रहण एवं पोस्टर प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है, जिससे छात्र-छात्राओं को रैगिंग के दुष्परिणामों और इसके विरुद्ध उपलब्ध कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी जा सके। महाविद्यालय प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि रैगिंग पूरी तरह से अपराध है और इस पर शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई गई है। यदि कोई छात्र रैगिंग करते पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक और कानूनी कार्रवाई की जाएगी। महाविद्यालय प्रशासन ने सभी छात्र-छात्राओं से अपील की है कि वे सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण बनाए रखने में सहयोग दें और यदि कहीं भी रैगिंग जैसी घटना होती है तो तुरंत कॉलेज प्रशासन अथवा एंटी रैगिंग सेल को सूचित करें।

## किसानों की फार्मर आईडी अब तक नहीं बनी, शासन की योजनाओं से वंचित होने की जताई आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

छत्तीसगढ़ में किसान हितों की रक्षा तथा उन्हें शासन की सभी योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु सरायपाली क्षेत्र के जागरूक नागरिकों और किसानों द्वारा तहसीलदार को एक आवेदन सौंपा गया। जिसमें यह उल्लेख किया गया कि हजारों किसान अभी तक फार्मर आईडी से वंचित हैं। जबकि यह आई डी शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए अनिवार्य है। किसानों ने अपनी प्रमुख समस्याओं को सामने रखते हुए बताया कि दस्तावेजों में त्रुटियां खसरा खतौनी और पासबुक में गड़बड़ियां तकनीकी दिक्कतें और दूरस्थ क्षेत्रों में सुविधा केंद्रों की अनुपलब्धता के कारण लगातार प्रयास करने के बावजूद



किसान फार्मर आईडी बनाने में असफल हो रहे हैं। सरकार द्वारा यह निर्देश जारी किया गया है कि यदि 30 अगस्त 2025 तक किसान फार्मर आईडी नहीं बनवा पाएंगे तो वे कई योजनाओं से वंचित रह जाएंगे, जिससे किसानों में गहरी चिंता और पीड़ा का माहौल है। इसी स्थिति को देखते हुए सरायपाली तहसील कार्यालय में विशेष शिविर आयोजित करने की मांग आधार गाईड किशोर प्रदीप सतपथी द्वारा की गई थी। ताकि, किसान अपनी समस्याओं का समाधान कर सकें और समय रहते फार्मर आईडी प्राप्त कर सकें अधिकारियों ने इस संबंध में आश्वासन दिया है कि किसानों को राहत देते हुए फार्मर आईडी के लिए निर्धारित समय सीमा बढ़ाई जाएगी। ताकि, कोई भी पात्र किसान योजनाओं से वंचित न हो किसान वर्ग और आवेदक संस्था ने इस निर्णय का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि इससे हजारों किसानों को समय पर फार्मर आईडी मिल सकेगा।

# वृंदावन में जन्माष्टमी एवं रजत जयंती की धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रतिवर्षानुसार वृन्दावन विद्यालय में जन्माष्टमी के अवसर पर सांस्कृतिक प्रस्तुति एवं भजन मंडलियों की प्रस्तुति के माध्यम से हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अध्यक्ष भारत स्काउट और गाइड के जिला अध्यक्ष एतराम साहू ने अध्यक्षता की। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक डा. विमल चोपड़ा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद्र राठी, प्रदीप चंद्राकर, पार्षदगण- माखन पटेल, सुनैना पप्पू ठाकुर, पीयूष साहू, ज्योति रिंकू चंद्राकर, प्रिया योगेश्वर राजू सिन्हा, जागेश्वर सिन्हा, भारती राजेंद्र चंद्राकर सहित गणमान्य अतिथिगण उपस्थित रहे।

इस मौके पर मुख्य अतिथि योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि वृंदावन विद्यालय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय होने के बावजूद सनातन परंपराओं व भारतीय संस्कृति के संवादक के रूप में कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यालय का 25 वर्ष कुशलता पूर्वक सम्पन्न होना गौरवशाली क्षण है। उत्तरोत्तर उन्नति में यहां के शिक्षकों ने अपने श्रम से विद्यालय को सींचा है। अध्यक्षीय उद्बोधन में भारत स्काउट और गाइड एवं भाजपा जिलाध्यक्ष एतराम साहू ने कहा कि वृंदावन विद्यालय संस्कार की शिक्षा के साथ सफलता के नये आयाम गढ़ने में सफल रहा है। वहीं पूर्व विधायक एवं प्रदेश चिकित्सा प्रकोष्ठ प्रभारी डा विमल चोपड़ा ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि कार्यक्रम की भव्यता से यह प्रतीत होता है कि विश्वनाथन दंपत्ति एवं वृंदावन विद्यालय ने लोगों का स्नेह व आशीर्वाद जीता है।

इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर ने 15



अगस्त को मिनी स्टेडियम में हुए स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में वृंदावन विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत आपरेशन सिंदूर की प्रस्तुति की सराहना करते हुए विद्यार्थियों की प्रतिभा की तारीफ की। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राशि महिलांग, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद्र राठी ने सभा को संबोधित करते हुए रजत जयंती समारोह पर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर संध्या 4 बजे से विविध भजन मंडलियों की प्रस्तुतियों ने वातावरण को भक्तिमय कर दिया। वहीं शाम 7 बजे से नन्हे बच्चों की आकर्षक झांकियों व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को झूमने पर विवश कर दिया। सांस्कृतिक संध्या में कक्षा 9वीं के नारी सशक्तिकरण पर प्रस्तुति एवं कक्षा 10वीं के दक्षिण भारतीय कला पर आधारित नृत्य एवं कक्षा 8वीं के बच्चों ने छत्तीसगढ़ी नृत्य से सब का मन मोह लिया। इसी प्रकार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, कृष्ण लीला, कक्षा 7वीं की प्रस्तुति ने खूब तालियाँ बटोरीं एवं देर रात तक दर्शकों को बाँधे रखा। कार्यक्रम के शुभारंभ में विद्यालय की संचालिका सुजाता विश्वनाथन द्वारा स्वागत भाषण सहप्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए 25 वर्षों के अनवरत यात्रा का ज़िक्र किया गया। इस विशेष अवसर पर टापर आफ द ईयर (10वीं) के लिए समीर साहू, बेस्ट स्टूडेंट के रूप में मयंक चंद्राकर तथा स्वेच्छा वर्मा, उत्कृष्ट पालक के रूप में दीनानाथ सिंह व बेस्ट टीचर के लिए प्रवीण साहू को सम्मानित किया गया। वहीं भारतीय सांस्कृतिक निधि से सम्मानित प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान अर्जित करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। वहीं उत्कृष्ट विद्यालय संचालन एवं कार्यक्रम संयोजन के लिए उपप्राचार्य इंदु मिश्रा एवं संचालन के लिए टेकराम सेन को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार की ओर से समस्त अतिथियों को मद्भगवतगीता भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अपनी विशिष्ट अंदाज़ में साहित्यकार टेकराम सेन चमक, प्रवीण साहू एवं चंदना सोनी ने किया एवं आभार प्रदर्शन विद्यालय के संरक्षक एवं चेयरमैन एमआर विश्वनाथन ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सुधा साहू, मीना वर्मा, संदीप घोष, चंद्रोदय स्कूल प्राचार्य नवीन चंद्राकर, खुशाल ठाकुर, रौशन बग्गा, परमेश्वर पप्पू ठाकुर, जतीन रूपरेला, अमन वर्मा, हुसैना बानो, गौरव राठी, तनिष्क सिन्हा, ईशु सिन्हा, बीआरसी जागेश्वर सिन्हा, मंजू साहू, सीएस गौर, बंशीलाल साहू, मुकेश आर्य, सोनाली सुरेश माधवन सहित बड़ी संख्या में अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।






### स्वतंत्रता दिवस समारोह में रेडक्रॉस टीम का सम्मान

**महासमुंद।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय समारोह में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमचा की रेडक्रॉस प्रभारी किरण पटेल एवं उनके नेतृत्व में कार्यरत रेडक्रॉस वॉलंटियर्स को सम्मानित किया गया। रेडक्रॉस टीम ने 12 से 15 अगस्त तक लगातार अपनी सेवाएं प्रदान की। उन्होंने समारोह में उपस्थित नागरिकों एवं प्रतिभागियों को एम्बुलेंस तक पहुंचाने, फर्स्ट एड उपलब्ध कराने तथा स्वास्थ्य संबंधी सहयोग देने में सराहनीय योगदान दिया। विशेष उल्लेखनीय है कि प्रभारी एवं विद्यालय के विद्यार्थियों ने जुम्बा और सद्भावना दौड़ में भी सक्रिय भागीदारी कर कार्यक्रम को ऊर्जावान एवं प्रेरणादायी बनाया। उनकी इस निष्ठा और सेवाभाव की सराहना करते हुए कलेक्टर द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर जिला रेडक्रॉस संगठन एवं राज्य प्रतिनिधि अशोक गिरी गोस्वामी तथा उनकी टीम ने हर्ष व्यक्त किया।

## नपाउपाध्यक्ष राठी ने किया ध्वजारोहण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मेरा युवा भारत महासमुंद (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार ) के तत्वाधान में 15 अगस्त 2025 को स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता एवं महात्मा गांधी के छायाचित्र के सामने दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी द्वारा आयोजित किया गया। उन्होंने राष्ट्रिय ध्वज फहराया एवं राष्ट्रगान कर युवाओं को जागरुक किया गया। वसुन्धरा साहू मेरा युवा भारत महासमुंद ने बताया कि आज भारत को आजादी मिले 78 साल पूरे हो गए हैं। साथ ही कलाबाई शासकीय प्राथमिक विद्यालय, पूर्व माध्यमिक स्कूल वार्ड क्रमांक 01 शंकर नगर के पास के सभी विद्यार्थियों को जागरूक कर स्वतंत्रता दिवस का बधाई दी गई। कार्यक्रम में पूजा शास्त्री ( विकास आशा सेवा संस्था) मेरा युवा भारत महासमुंद से अशोक चक्रधारी आदि मौजूद रहे।




